दैनिक बिहार पत्रिका
DAINIK BIHAR PATRIKA

# दैनिक बिहार पत्रिका

सच के साथ

पटना, शुक्रवार, 09 फरवरी,2024 | पटना से प्रकाशित | संपादक - कृष्णा टेकड़ीवाल | मूल्य- ₹ 1 | पेज- 2 | वर्ष 3 | dainikbiharpatrika.com

**सुविचार**

"आज के परिणाम अतीत के कर्मो से तय होते है। अपने भविष्य को बदल पाने के लिए आज के फैसलों को बदलो।"

## भागलपुर में प्रॉपर्टी डीलर के घर इनकम टैक्स का छापा

### छापेमारी से पूरे इलाके में हड़कंप

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** इनकम टैक्स की टीम ने गुरुवार को सिल्क सिटी भागलपुर के साथ-साथ पटना में भी दबिश दी। भागलपुर के बरारी थानाक्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलीनी में प्रॉपर्टी डीलर शंकर यादव के घर पर टीम पहुंची। टीम की छापेमारी से पूरे इलाके में हड़कंप मचा है। बताया जाता है कि आय से अधिक संपत्ति मामले में आईटी विभाग की ये रेड हो रही है। शंकर यादव का बरारी थानाक्षेत्र के मंगलम अस्पताल के पास सोनालिका ट्रैक्टर का शोरुम भी है। आय से अधिक संपत्ति मामले में सुबह से आयकर विभाग की रेड शुरु हुई। जानकारी के अनुसार छापेमारी के लिए गुरुवार को पटना से टीम भागलपुर पहुंची। आयकर विभाग की पांच सदस्यीय टीम रेड डाल रही है। हाउसिंग बोर्ड कॉलीनी में शंकर यादव के घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। घर के बाहर कड़ा पहरा है, साथ ही कोई भी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।




### मंगवाई गई नोट गिनने की मशीन

नोट गिनने की मशीन मंगवाई गई साथ ही थोड़ी देर बाद खाली बक्सा भी मंगवाया गया। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि घर से काफी कैश मिला है, जिसकी गिनती के लिए मशीन का सहारा लिया जा रहा है। फिलहाल अधिकारी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह इनकम टैक्स की टीम ने पटना में भी रेड की है। पटना में भी कई लोकेशनों पर आईटी विभाग की छापेमारी चल रही है।

## भागलपुर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आहूत





दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सात निश्चय अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा की गई। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सात निश्चय पार्ट-01 एवं पार्ट- 02 अन्तर्गत संचालित योजनाओं, जल- जीवन- हरियाली योजना अन्तर्गत किये जा रहे कार्य एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का सम्यक सुचारु क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्य प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभागों को लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि हेतु ठोस प्रयास करना अनिवार्य एवं अपेक्षित होगा। "आर्थिक हल-युवाओं को बल" अन्तर्गत संचालित बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति समीक्षा के क्रम में निदेश दिया गया कि उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना के क्रिन्यान्वयन में तेजी लाने निमित डोर-टू-डोर कॉनसलिंग, प्रचार- प्रसार कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया है। कुशल युवा कार्यक्रम से लाभान्वित युवाओं को आरसेटी से टैग कराया जाय एवं उन्हें रोजगारन्मुखी संक्षिप्त कोर्स कराया जाय। ताकि उन्हें योग्यतानुसार रोजगार मिलने में सुविधा हो अथवा वे स्वरोजगार हेतु प्रेरित हों। लघु जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित योजना समीक्षा के क्रम में संबंधित विभागीय अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि 18 योजना पर कार्य चल रहा है। निदेश दिया गया कि लक्ष्य के अनुसार शेष बची योजनाओं का स्टीमेट अविलम्ब बनाये एवं योजनाओं को अविलम्ब पूर्ण कराने की दिशा में ठोस कार्रवाई करें। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत अपशिष्ट प्रसंकरण इकाई निर्माण की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा की गई। निदेश दिया गया कि निर्माणाधीन ईकाईयों को अविलंब पूर्ण करने की दिशा में ठोस कार्रवाई की जाय एवं प्रखण्डवार उक्त ईकाईयों के वर्तमान स्थिति से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराई जाय। बुडको द्वारा संचालित योजना समीक्षा के क्रम में संबंधित विभागीय पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 14 हजार परिवारों को जल उपलब्ध कराया जा रहा है। 03 टैंक जिसमें से 01 टैंक का एनओसी मिल चुका है, पूर्ण होने के पश्चात 03 हजार अतिरिक्त घर भी लाभान्वित होंगें। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, परियोजना निदेशक बुडको, कार्यपालक अभियंता लघु जल संसाधन विभाग, वन प्रमंडल पदाधिकारी, भागलपुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## सुचारु यातायात प्रबंधन हेतु भागलपुर डीएम ने की समीक्षा

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा



**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सुचारु यातायात प्रबंधन हेतु किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया कि लोहिया सेतु (उल्टा पुल) के आस-पास जाम की समस्या से निपटने हेतु किये जा रहे प्रयास क्रम में नगर निगम के द्वारा संदर्भित क्षेत्र के द्वारा अतिक्रमण हटाया जा रहा है परन्तु ऐसा पाया जा रहा है कि पुन: दुकानदारों द्वारा अतिक्रमित किये जा रहें। तदनुसार निदेश दिया गया है कि ऐसे दुकानदार जो उक्त वर्णित क्षेत्र में बार-बार अतिक्रमण का प्रयास कर रहें है उनके विरुद्ध आर्थिक दण्ड अध्यारोपण की कार्रवाई की जाय। पुल के नीचे स्टेशन आवागमन पथ में जनहित में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी प्रारंभ की जायेगी। इस हेतु आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया गया। उक्त बैठक में नगर आयुक्त भागलपुर, उप विकास आयुक्त भागलपुर उपस्थित थे।

## गोगरी में सरस्वती पूजा की तैयारी हुई तेज

**दैनिक बिहार पत्रिका। खगड़िया** , जिले के गोगरी में आगामी दिनों होने वाली मां सरस्वती की पूजा के मौके पर प्रतिमा स्थापित करने और मां वीणावादिनी की पूजनोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए गोगरी प्रखंड क्षेत्र युवाओं ने तैयारी तेज कर दी है। जगह- जगह पंडाल बनाने का कार्य भी शुरु हो गया है। वहीं साउंड सिस्टम की बुकिंग फूल हो गई है। इधर मूर्तिकार के द्वारा प्रतिमाओं को अंतिम रुप दिए जाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। ताकी समय से सभी को प्रतिमा तैयार कर उपलब्ध कराया जा सके। बताते चलें कि आगामी 14 फरवरी को वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा प्रतिमा स्थापित कर की जाएगी। इसको लेकर प्रशासनिक स्तर से प्रतिमा स्थापित करने से लेकर विसर्जन के लिए लाइसेंस देने की बात कही गई है।

## बच्चों को अंडा देने में विद्यालय प्रधानों को हो रही परेशानी

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बिहार।** जिले के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में बच्चों को प्रतिदिन 17 फरवरी तक एमडीएम में एक अंडा देना है। जो बच्चे अंडा नहीं खाते हैं, उन्हें इसके एवज में फल देना है। इस योजना को एमडीएम निदेशक की ओर से 27 जनवरी को लागू किया गया था। अत्यधिक ठंड पड़ने के कारण इस व्यवस्था को लागू किया गया था, लिहाजा 17 फरवरी तक बच्चों को अंडा देना है। इसके लिए विभाग की ओर से विद्यालय प्रधानों को प्रति अंडा छह रुपए भुगतान किया जा रहा है। इससे पहले प्रति अंडा 5 रुपए ही भुगतान किया जा रहा था। बच्चों को सप्ताह में रविवार को छोड़कर छह दिन अंडा खिलाना है। पहले यह व्यवस्था सप्ताह में एक दिन थी, जनवरी और फरवरी माह में विभाग की ओर से अंडे के मूल्य में एक रुपए की बढ़ोतरी की गई है। लिहाजा फिलहाल विद्यालय प्रधानों को छह रुपए प्रति अंडा भुगतान किया जा रहा है।

**महंगाई की मार:-**

- 👉 अंडा खरीदने को मिल रहे छह रुपए, मूल्य है आठ रुपए
- 👉 17 फरवरी तक प्रति बच्चा एमडीएम में देना है एक अंडा
- 👉 अधिक दाम पर अंडा खरीदकर खिलाने को विवश है प्रधान

इधर बाजार में प्रति अंडा 8 रुपए की दर से बिक रहा है। लिहाजा विद्यालय प्रधानों को बड़ी मशक्कत के बाद भी छह रुपए प्रति अंडा नहीं मिल पा रहा है। कई विद्यालय प्रधानों ने बताया कि अंडे के दाम बाजार में बढ़ने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई प्रधान अधिक दाम पर अंडा खरीदकर बच्चों को खिलाने को विवश हैं।

## प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ कारोबारी गिरफ्तार

दैनिक बिहार पत्रिका। सहरसा

जिले के सलखुआ पुलिस ने बुधवार के देर शाम माठा गांव से अवैध कोडीनयुक्त कफ सिरप के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष विशाल कुमार ने बताया एसआई सुधीर कुमार ने पुलिस बल के साथ माठा गांव में छापेमारी के दौरान के एक व्यक्ति को थैला लेकर भागते पकड़ा। तलाशी लेने पर 100 एमएल के 19 पीस अवैध कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद हुआ। पकड़ाए कारोबारी माठा गांव निवासी राजेश कुमार यादव को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## बारात जा रहे तीन शराबी चढ़े पुलिस के हत्थे

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

शहर के सोनमनखी पुल के समीप बारात जा रहे तीन शराबियों को मोरकाही पुलिस ने बुधवार की रात गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार गंगौर थान क्षेत्र के ढरहिया गांव निवासी अमित कुमार, राहुल कुमार व श्री सदा बताया जा रहा है। इधर मोरकाही थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों शराबी बारात जा रहे थे। जिसको रोककर ब्रेथएनलाइजर मशीन से जांच करने पर शराब पीया हुआ था।

## शराब कारोबार के मामले में युवक गिरफ्तार

दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया

खगड़िया। गंगौर थाना क्षेत्र के मनबोध टोला से शराब कारोबार मामले में पुलिस ने एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। इधर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर किए गए कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने ने कहा कि यह कार्रवाई अनवतर जारी रहेगी

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत जीविका बिहार द्वारा सखी वार्ता आयोजित

### कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरियों के सशक्तिकरण हेतु चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया।

दैनिक बिहार पत्रिका। प्रदीप कुमार

**बांका। बिहार।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत जीविका बिहार द्वारा क्रियान्वित "नई चेतना 2.0 पहल बदलाव की ओर" कार्यक्रम के तहत वन स्टॉप सेंटर, युनिसेफ की सहयोगी संस्था प्रथम एवं जिला परियोजना प्रबंधक जीविका के समन्वय के साथ चांदन और कटोरिया प्रखंड में सीएलएफ स्तर पर जेंडर आधारित मुद्दों पर संवेदीकरण कार्यक्रम सखी वार्ता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरियों के सशक्तिकरण हेतु चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया। वन स्टॉप सेंटर की परामर्शी अंजना भारती ने महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार से शारीरिक हिंसा, मानसिक हिंसा, यौनिक हिंसा एवं आर्थिक हिंसा पर चर्चा करते हुए महिला हेल्पलाइन नंबर 181/ चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 द्वारा दी जाने वाली सहायता की जानकारी दी। युनिसेफ की सहयोगी संस्था प्रथम के जिला समन्वयक पंकज कुमार के द्वारा किशोरियों की शिक्षा, जीवन कौशल पर प्रशिक्षण, मानसिक एवं स्वास्थ्य देखभाल, सहानुभूति का भाव, सहभागिता एवं सुरक्षा को केन्द्र में रखते हुए अपने समाज व परिवार में लैंगिक हिंसा के




खिलाफ अभियान के लिए स्वयं को सुदृढ़ कर बचाव के पहलुओं के बारे में चर्चा किया। जीविका के जिला कार्यकम प्रबंधक राकेश कुमार और मो.आफरीन परवेज द्वारा जीविका दीदी को रोजगार, लिंग आधारित समानता, वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता, समावेशिता एवं सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने के साथ नई चेतना कार्यक्रम को हर जन तक पहुँचाने का शपथ दिलावाया गया। कार्यकम में गंगोत्री सीएलएफ अंतर्गत अध्यक्ष गांधारी देवी, सचिव फुलिया मरांडी, सामुदायिक समन्वयक प्रमोद कुमार पंडित, नीरज सहित जीविका दीदी सम्मिलित हुए।

## खगड़िया: चुल्हे की चिंगारी से जलकर दो घर हुआ राख

दैनिक बिहार पत्रिका , बेलदौर/खगड़िया



बेलदौर थाना क्षेत्र के कैंजरी पंचायत के पश्चिमी कैंजरी में बिते बुधवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे चूल्हे की चिंगारी से आग लगने से दो परिवार का एक-एक घर जलकर राख हो गया। मालूम हो कि गफ्फार आलम के पुत्र मंजर आलम के घर में खाना बनाकर चूल्हे पर जलावन रख दिया था धीरे-धीरे जलावन में रात्रि के करीब 2 बजे अचानक घर से आग लपटे निकलने लगी घर में सो रहे व्यक्ति कुछ समझ पाए आज तब तक रोद्र रुप धारण कर चुकी थी। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण जगे तब तक आग लगने से मंजर आलम का एक घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया, वहीं इसकी चपेट में फागु चौधरी के पुत्र बिलो चौधरी का एक घर चपेट में आ जाने से जलकर राख हो गया।आग लगने से मंजर आलम तथा बिलों चौधरी के खाने पीने की सामग्री एवं कपड़ा जलकर राख हो गया वही बिलो चौधरी के ग्यारह हजार रुपया जलकर राख हो गया। जहां ग्रामीणों के द्वारा बोरिंग चला कर बाल्टी से भर भर कर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया। घटना की सूचना अंचलाधिकारी को दिया गया वहीं अंचलाधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि आपदा के तहत मिलने वाली सहायता राशि पीड़ित परिवारों को मुहैया करा दी जाएगी।

# रजौन: नीमा में तीन दिवसीय माघी काली मेला को लेकर हुई प्राण प्रतिष्ठा

## पूजा- अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की रही भीड़

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत रजौन प्रखंड तिलकपुर पंचायत अंतर्गत राजावर-नवादा सड़क मार्ग पर अवस्थित नीमा गांव में तीन दिवसीय माघी काली मेला गुरुवार 8 फरवरी की देर संध्या प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ प्रारंभ हो गई है। वहीं गुरुवार की देर संध्या प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजा- अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया गया है। मालूम हो वर्षों से यहां पर भगवान शंकर, गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती सहित मां काली की आकर्षक प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती रही है। वहीं इस वर्ष भी तीन दिन तक नीमा में माघी काली मेला 9 से लेकर 11 फरवरी तक लगने जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 फरवरी दिन सोमवार की अहले सुबह प्रतिमा को विसर्जित कर दिया जाएगा।





बता दें कि यहाँ प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के समय एक पाठा बलि देने की परंपरा है, वहीं शुक्रवार 9 फरवरी को मेला के प्रथम दिन भी मां काली के सामने पाठा की बलि श्रद्धालुओं द्वारा दी जाएगी। वहीं माघी काली पूजा व मेला को लेकर ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। माघी मेला में श्रृंगार, खिलौने, मिठाइयां, सिलबट्टा सहित अन्य तरह की दुकानें सज धजकर तैयार हो गया है। इस माघी मेले को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर आचार्य सह मेड़पति भागलपुर-चंपानगर निवासी सुधांशु शेखर सिन्हा, मेला समिति के अध्यक्ष सह पंचायत के पूर्व मुखिया संदीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सह पूर्व सरपंच प्रयाग साह, कोषाध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह, रामानंद सिंह, परमानंद सिंह, फोटो उर्फ रविशंकर, संजय ठाकुर, सुजीत कुमार, उमेश कुमार, सिट्टू राजबब्बर सिंह सहित संपूर्ण ग्रामवासी एवं पूजा व मेला समिति काफी सजग एवं तत्पर दिख रहे हैं।

# अभिभावकों के तकनीक से जुड़ने पर बच्चों में बनेगा सामंजस्य: रोजी रानी


दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

इंटरनेट मीडिया आम जनजीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है। वर्तमान समय में जरूरत है कि हम सब मिलकर डिजिटल युग में काम करें। हम अपने संवाद, तर्क, भावनाएं व विचारों को प्रत्यक्ष मेलजोल के बजाय डिजिटल मीडिया के माध्यम से व्यक्त करते हैं जिससे सामाजिक संबंधों की डोर टूटने लगती है। हम वर्चुअल दुनिया को समेटकर वास्तविक धरातल पर आएं और अपने अभिभावकों व बुजुर्ग सदस्यों के साथ तकनीकी ज्ञान को साझा करने की पहल करें। इससे अभिभावकों के अनुभव व तकनीकी ज्ञान से किशोर व युवा गलत दिशा में जाने से बचेंगे। स्कूल में छठवीं कक्षा से ऊपर के विद्यार्थियों व युवाओं की प्राथमिकता होनी चाहिए कि वो घर



के हर सदस्य को तकनीकी ज्ञान से अवगत कराते रहें। बच्चे खुद मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर में व्यस्त रहते हैं और अभिभावक उन पर नाराज रहते हैं। ऐसे में प्रयास यह होना चाहिए कि अभिभावकों को इंटरनेट मीडिया में उपयोगी सोशल प्लेटफॉर्म व साइबर धोखाधड़ी के बारे में बताते रहें। यदि हम वास्तविक और डिजिटल व्यवहार में शिष्टाचार का समावेश रखेंगे तो ये हमारी सकारात्मक छवि निर्माण के साथ समाजोत्थान के लिए भी सहायक होगा। समाज से निरंतर जुड़े रहने के लिए आधुनिक तकनीक का जीवन में समावेश अनिवार्य है। नई पीढ़ी नवीन तकनीक में काफी पारंगत है लेकिन बुजुर्ग व कई अभिभावक इससे अपरिचित हैं। आधुनिक तकनीक के कारण कृषि, शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में अत्यंत विकास हुआ है। समाज में हर व्यक्ति को चाहिए कि वह तकनीकी ज्ञान से अवगत हो। तकनीकी सुविधाओं का लाभ उठाएं।

# मंदार पर्वत पर आपदा मित्र के साथ एनडीआरएफ का मॉकड्रिल





दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** जिलाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशानुसार आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण-सह- संयुक्त मॉक अभ्यास के क्रम में एनडीआरएफ टीम 9 बटालियन बिहटा के द्वारा ऐतिहासिक मंदार पर्वत पर स्थित रोपवे केवल कार की परिचालन के क्रम में किसी भी अप्रिय घटना के पश्चात की जाने वाली गतिविधियों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया, जिसमें तकनीकी खराबी के कारण केवल कार में फंसे हुए यात्रियों को सकुशल तरीके से बाहर निकलने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद जख्मी व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार करने के लिए डेमो का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन से संबंधित विभिन्न हितधारी के साथ रोपवे संचालित करने वाले अधिकृत एजेंसी के कर्मियों के द्वारा केवल कार में फंसे हुए व्यक्ति को सुरक्षित रूप से बाहर निकलने की प्रक्रिया को डेमो के माध्यम से प्रदर्शित कर दिखाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान एनडीआरफ के असिस्टेंट कमांडेंट, डिजास्टर मैनेजमेंट कंसल्टेंट, एनडीआरएफ इंस्पेक्टर, एनडीआरएफ ट्रूप्स, स्थानीय पुलिस, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड की टीम, आपदा मित्र मौजूद थे। असिस्टेंट कमांडेंट एनडीआरफ बिहटा के द्वारा बताया गया कि केवल कार के सुरक्षित परिचालन हेतु एनडीआरएफ मुख्यालय के द्वारा जारी गाइडलाइन में निर्देश दिया गया कि साल भर में कम से कम दो मॉक अभ्यास आयोजित किया जाए ताकि भविष्य में होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। जिससे जान माल की हानि कम से कम हो सके। डीएम प्रोफेशनल के द्वारा बताया गया कि आपदा प्रबंधन में समुदाय के ही लोग प्रभावित होते हैं एवं रिस्पांड करने वाले भी समुदाय के ही लोग होते हैं। इसलिए रोपवे के परिचालन में लगे हुए एजेंसी के कर्मियों को आपदा प्रबंधन की दृष्टिकोण से और सशक्त करने की आवश्यकता है ताकि कोई घटना के बाद फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में सक्रिय भूमिका निभा सके।

# विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** जिलांतर्गत बौंसी प्रखंड सभागार एवं मंदार तराई स्थित आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज में कार्यक्रम आयोजित कर बुधवार को पूर्व अंचलाधिकारी विजय कुमार गुप्ता सहित अन्य को भावभीनी विदाई दी गई। जबकि बौंसी के नए सर्किल इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष का स्वागत किया गया। प्रखंड मुख्यालय सभागार में अंचल और प्रखंड कर्मियों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व अंचलाधिकारी, पूर्व इंस्पेक्टर अमेरिका राम, थानाध्यक्ष अरविंद राय और एसआई पंकज किशोर को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर जहां पूर्व अंचलाधिकारी, पूर्व इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष, एसआई पंकज किशोर, मनोरंजन प्रसाद, मनेंद्र मिश्रा और मुर्शीद खान को अंग-वस्त्र, पुष्पगुच्छ, मोमेंटो और माला पहनकर विदा किया गया। वहीं नए इंस्पेक्टर राजरतन और थानाध्यक्ष सुधीर कुमार का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## सड़क दुर्घटना में 18 वर्षीय युवक गंभीर रूप से जख्मी




दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** जिलांतर्गत बंधुआकुरवा थानाक्षेत्र अंतर्गत फागा नहर समीप सड़क दुर्घटना में एक 18 वर्षीय युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के खुट्टाबाड़ी निवासी शिवलाल यादव का पुत्र देवलाल यादव अपनी मोटरसाइकिल सहित फागा नहर में जा गिरा, जिसमें युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद करीबी रिश्तेदार रोबिन और दिनेश के द्वारा टोटो की मदद से जख्मी युवक को रेफरल अस्पताल बौंसी लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात रेफरल प्रभारी डॉक्टर संजीव कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया और बेहतर चिकित्सा के लिए मायागंज अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया।

# सन्हौला में माघी काली मेला आज से

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत सन्हौला बाजार में माघी काली पूजा और मेला की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मूर्तिकार मूर्ति को अंतिम रूप देने में लगे हैं। मेला के लिए मेला परिसर सज-धजकर तैयार हो रहा है। विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन मेला में लग रहा है। काली माता की प्रतिमा शुक्रवार के रात्रि मेढ़ पर स्थापित की जाएगी। इसको लेकर प्रतिमा के रंग-रोगन और सजाने का कार्य अंतिम चरण में है। मंदिर को भी आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। मेला में बच्चों, युवकों के मनोरंजन के भी झूला, चरखी, ट्रेन आदि भी लग रहा है। पूजा



के मेढ़पति विश्वजीत कुमार भानू ने बताया कि माघी काली पूजा पिछले 71 वर्षों से परंपरागत तरीके से हो रही है। मेला 3 दिन तक चलेगा और प्रतिमा का विसर्जन 12 फरवरी को किया जायेगा।

# शिव सुभद्रा विद्यालय रजौन में 15 फरवरी को स्थापना दिवस

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** स्कूल सभी के लिए आगे बढ़ने और बढ़ाने के लिए सबसे प्रेरणादायक जगह है और आगामी 15 फरवरी 2024 को जश्न मनाया जा रहा हैं। क्यूंकि विद्यालय को इतना सुंदर परिवेश और अद्भुत सुविधाएं मिली हैं, किसी भी महान कार्य को करने के लिए सही बुनियाद का होना जरूरी है और आज रजौन बाजार स्थित सुप्रसिद्ध शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल सह मॉडर्न आवासीय विद्यालय एक और सफल वर्ष में प्रवेश कर गया। यह दिन उनलोगों को याद करने का समय है जिन्होंने विद्यालय को आकार देने में मदद की है, यह दिन इस अद्भुत स्कूल की यादों की प्रशंसा करने का अवसर है और यह समय स्कूल के अतीत को प्रतिबिंबित करने का है। इसी कड़ी में रजौन बाजार स्थित सुप्रसिद्ध शिव सुभद्रा पब्लिक स्कूल सह मॉडर्न आवासीय विद्यालय में आगामी 15 फरवरी 2024 को प्रस्तावित 28वां स्थापना दिवस का आयोजन किया जायेगा।





बताया गया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भागलपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर डीपी सिंह और डॉक्टर रेणु बाला सिन्हा एवं अतिथि के रूप में डॉक्टर एनएम पांडे, प्रोफेसर जीवन प्रसाद सिंह, प्रोफेसर जयकुमार राणा, प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा, सिकंदर प्रसाद यादव, सत्यनारायण सिंह, देवनारायण श्रीवास्तव, दिवाकर प्रसाद यादव, विजय साह एवं विभाष चंद्र चौधरी मौजूद रहेंगे। जिसको लेकर विद्यालय परिसर स्थित स्टेज व पंडाल सहित रिहर्सल कार्यक्रम का जायजा लिया गया। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक निलेश कुमार मौजूद रहे।

# बांका: माघी काली पूजा को लेकर अमरपुर नपं प्रशासन ने पूरी की तैयारी

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल तथा रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर शहर तथा डुमरामा में माघी काली पूजा गुरुवार से शुरू हो गई। नगर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल तथा रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की है। मुख्य पार्षद रीता साहा ने कहा कि डुमरामा माघी काली मंदिर में पेयजल के लिए टैंकर की व्यवस्था की गई है जो पूजा के दौरान वहां खड़ी रहेगी। रोशनी के लिए बिजली खंभों पर बल्ब लगा दिया गया है साथ ही पूजा के दौरान सफाईकर्मियों को वहां रहने का निर्देश दिया गया है। इधर अमरपुर शहर एवं डुमरामा में मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। डुमरामा के लोगों ने बताया कि मां रटन्ती माघी काली की पूजा करीब ढ़ाई सौ वर्षों से बंगला पद्धति से की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पूजा के दौरान दो दिनों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा 11 फरवरी को प्रतिमा विसर्जित की जाएगी। पूजा की सफलता के लिए पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ0 पृथ्वीराज चक्रवर्ती, मेढ़पति सौमित्र चटर्जी, अजय चक्रवर्ती, नागेश्वर तपस्वी, माणिक मिश्रा समेत अन्य लोग लगे हुए हैं।

# भागलपुर: विद्यालयों का निरीक्षण करने वाले अधिकारी भेजेंगे सेल्फी

## जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी संबंधित निरीक्षी पदाधिकारियों को जारी किया आदेश

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत अब विद्यालयों में रोज निरीक्षण करने वाले शिक्षा विभाग के पदाधिकारी भी संबंधित अधिकारियों को सेल्फी सहित विद्यालय की अन्य तस्वीर भेजेंगे। इसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने सभी संबंधित निरीक्षी पदाधिकारियों को आदेश जारी किया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आदेश दिया है कि सभी निरीक्षी पदाधिकारी और कर्मी सुबह 09:15 में विद्यालय का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करेंगे। विद्यालय के गेट, चेतना सत्र एवं सभी शिक्षकों के साथ सेल्फी अनिवार्य रूप से भेजेंगे। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, लेखापाल, बीपीएम और बीआरसी के कंप्यूटर ऑपरेटर को छोड़कर अन्य निरीक्षी कर्मी अपना अंतिम निरीक्षण 04:45 बजे करेंगे और अंतिम निरीक्षण की तस्वीर भी अनिवार्य रूप से व्हाट्सएप नंबर 9241936708 पर भेजे जाने का आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी निरीक्षित विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति का हेड कटिंग कर निरीक्षण प्रतिवेदन में अंकित करने का निर्देश दिया है।

# अमरपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर थाना परिसर में गुरुवार को सरस्वती पूजा, माघी काली पूजा एवं सब-ए-बरात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर मनीष कुमार, बीडीओ सह प्रभारी सीओ गोपाल गुप्ता, थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बीडीओ ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक की परीक्षा चल रही है, इसलिए पूजा समिति के सदस्य इस बात का ध्यान रखें कि परीक्षा केंद्र के आसपास शोरगुल नहीं हो। थानाध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती पूजा के लिए सभी समितियों को

## पूजा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति बनाए रखने की अपील



लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा तथा डीजे बजाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा प्रतिमा का विसर्जन लाइसेंस में दिए गए तय रूट के अनुसार ही करना होगा। इस मौके पर वार्ड पार्षद शंकर महतो, परमानंद दास, बलबीर सिंह, असगर अली समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।